नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता शुक्रवार से

वर्धा, 19 दिसंबर 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में प्रति वर्ष होने होने वाली खेल प्रतियोगिता इस वर्ष शुक्रवार 20 दिसंबर से शुरू हो रही है। कार्यक्रम का उदघाटन प्रात: 9.30 बजे मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा स्थल पर कुलपति प्रो. रजनीश कुमार के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, प्रो. चंद्रकात रागीट तथा कार्यकारी कुलसचिव कादर नवाज़ ख़ान की विशेष उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की सुरूवात शिक्षक एकादश एवं शिक्षकेत्तर एकादश के बीच फुटबॉल मैच से की जाएगी । कार्यक्रम के संयोजक, खेल समिति के अध्यक्ष तथा संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी ने बताया कि एथलेटिक्स में इस वर्ष दौड़ (100, 200, 400) मीटर, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद तथा ऊँची कूद को सम्मिलित किया गया है। इसके अलावा एकल प्रतियोगिता में टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन, और योग को सम्मिलित किया गया है।

संयुक्त प्रतियोगिताओं में चार तरह के खेलों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें क्रिकेट, बॉलीबाल, फूटबॉल और कबड्डी शामिल हैं। कबड्डी को इस वर्ष पहली बार प्रतियोगिता में शामिल किया गया है इसके पहले कबड्डी को विश्वविद्यालय की वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में सम्मिलित नहीं किया गया था। इन खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों और शोधार्थियों के अलावा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारी भी एकल और संयुक्त खेलों में हिस्सा लेते हैं।